# धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी पर PM-EAC रिपोर्ट

## प्रिलिम्स के लिये:

जनसांख्यिकीय लाभांश, कुल प्रजनन दर (TFR), राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण, जनगणना 2011, जनसांख्यिकीय संक्रमण सिद्धांत।

## मेन्स के लिये:

भारत में जनसांख्यिकीय परिवर्तन, भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश का महत्त्व, भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश से जुड़ी चुनौतियाँ।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

## चर्चा में क्यों?

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (PM-EAC) के एक नए विश्लेषण के अनुसार, वर्ष 1950 से वर्ष 2015 के बीच भारत में हिंदुओं के **जनसंख्या** प्रतिशत में 7.82% की कमी आई है, जबकि मुसलमानों, ईसाइयों तथा सिखों के प्रतिशत में वृद्धि हुई है।

## PM-EAC रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष क्या हैं?

- **विश्व भर में घटती बहुसंख्यक जनसंख्या:**
  - वर्ष 1950 से वर्ष 2015 तक 38 OECD देशों की धार्मिक जनसांख्यिकी पर एकत्रित किये गए आँकड़ों के अनुसार, इनमें से 30 देशों के प्रमुख **धार्मिक समूह रोमन कैथोलिकों के अनुपात में उल्लेखनीय कमी** देखी गई।
  - सर्वेक्षण में शामिल 167 देशों में वर्ष 1950-2015 की अवधि के दौरान वैश्विक स्तर पर बहुसंख्यक धार्मिक समूहों की जनसंख्या में औसत गिरावट **22%** आई।
    - OECD देशों में बहुसंख्यक जनसंख्या तेज़ी से घटी है, जिसमें औसतन **29%** की गिरावट दर्ज की गई है।
    - वर्ष 1950 में अफ्रीका के 24 देशों **में जीववाद अथवा स्थानीय मूल धर्म** प्रमुख था।
      - वर्ष 2015 में अफ्रीका के इन 24 देशों में से किसी में भी जीववाद अथवा स्थानीय धर्म मानने वाले बहुसंख्यकों की मौजूदगी नहीं देखी गई।
    - **दक्षिण एशियाई क्षेत्र** में **बहुसंख्यक धार्मिक समूह की जनसंख्या बढ़** रही है, जबकि बांग्लादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका, भूटान और अफगानिस्तान जैसे देशों में **अल्पसंख्यक धार्मिक समूहों की जनसंख्या** में **काफी गिरावट** आई है।
- **भारत के संदर्भ में:**
  - **हिंदू जनसंख्या में गिरावट:** हिंदुओं की जनसंख्या में 7.82% की गिरावट आई है। वर्ष **2011 की जनगणना** के अनुसार, वर्ष 2011 तक भारत में हिंदू जनसंख्या लगभग 79.8% थी।
  - **अल्पसंख्यक जनसंख्या में वृद्धि:** मुस्लिम जनसंख्या 9.84% से बढ़कर 14.095% और ईसाई जनसंख्या 2.24% से बढ़कर 2.36% हो गई।
    - सिख जनसंख्या 1.24% से बढ़कर 1.85% और बौद्ध जनसंख्या 0.05% से बढ़कर 0.81% हो गई।
    - जैन और पारसी समुदाय की जनसंख्या में गिरावट देखी गई है। जैन जनसंख्या 0.45% से घटकर 0.36% तथा पारसी जनसंख्या में 85% की गिरावट के साथ यह 0.03% से 0.0004% रह गई है।
  - **स्वस्थ जनसंख्या वृद्धि दर:** राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आँकड़ों के अनुसार, भारत की कुल प्रजनन दर (Total Fertility Rate- TFR) वर्तमान में **2 के आसपास** है, जो 2.19 के वांछित TFR के निकट है। जनसंख्या वृद्धि का अनुमान लगाने के लिये TFR एक विश्वसनीय संकेतक है।
    - हिंदुओं के संदर्भ में **यह वर्ष 1991 के 3.3 से घटकर वर्ष 2015 में 2.1 और वर्ष 2024 में 1.9 हो गई है।**
    - मुसलमानों में **यह वर्ष 1991 के4.4 से घटकर वर्ष 2015 में 2.6 और वर्ष 2024 में 2.4 हो गई है।**

**अल्पसंख्यकों को समान लाभ:** भारत में अल्पसंख्यकों को समान लाभ मिलता है और वे सुखद जीवन जीते हैं, जबकि वैश्विक स्तर पर जनसांख्यिकीय बदलाव चिंता का कारण बना हुआ है।

## जनसांख्यिकीय प्रतिरूप और इसकी प्रासंगिकता क्या हैं?

- **जनसांख्यिकी प्रतिरूप:**
  - **यह मानव जनसंख्या में देखी जाने वाली भिन्नताओं और प्रवृत्तियों** को संदर्भित करता है।
  - ये पैटर्न **जनसंख्या गतिकी के अध्ययन के उपरांत प्राप्त होते हैं,** जिसमें जन्म दर, मृत्यु दर, प्रवास और जनसंख्या संरचना जैसे कारक शामिल हैं।
- **प्रासंगिकता:**
  - **जनसंख्या की प्रवृत्तियों को समझना:**
    - जनसांख्यिकीय डेटा का उपयोग समय के साथ प्रतिरूप की पहचान करने के लिये किया जाता है। जन्म और मृत्यु दर का अध्ययन कर **जनसंख्या में वृद्धि या गिरावट का अनुमान** लगाया जा सकता है।
    - यह **आधारभूत ढाँचा, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा** एवं सामाजिक सेवाओं संबंधी योजनाएँ बनाने के लिये महत्त्वपूर्ण है।
  - **कारणों और परिणामों का विश्लेषण:**
    - यह **जनसंख्या में परिवर्तन के पीछे के कारणों** की जाँच करता है। आर्थिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और सांस्कृतिक मानदंड जैसे कारक जन्म एवं मृत्यु दर को प्रभावित करते हैं।
    - **परिणामों में कार्यबल की गतिशीलता,** निर्भरता अनुपात (गैर-कार्यशील आयु समूहों का अनुपात) और सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों संबंधी निहितार्थ शामिल हैं।
  - **नीति निर्माण एवं कार्यान्वयन:**
    - **स्वास्थ्य देखभाल:** आयु-विशिष्ट स्वास्थ्य आवश्यकताओं की समझ से संसाधनों के प्रभावी ढंग से आवंटन में सहायता मिलती है।
    - **शिक्षा:** जनसांख्यिकी शैक्षिक योजना का मार्गदर्शन करती है, जैसे कि विद्यालय की अवसंरचना और शिक्षक भर्ती।
    - **शहरी नियोजन:** जनसंख्या वितरण शहरी अवसंरचनात्मक ढाँचे, आवास और परिवहन को प्रभावित करता है।
    - **बुज़ुर्ग जनसंख्या:** वरिष्ठ लोगों से संबंधित दो प्रमुख मुद्दों- पेंशन और स्वास्थ्य देखभाल को जनसांख्यिकी नीतियों में प्रमुखता दी गई है।

## बुनियादी जनसंख्या नियंत्रण सिद्धांत क्या है?

- **माल्थस का सिद्धांत:** इसे वर्ष 1798 में एक ब्रिटिश अर्थशास्त्री और जनसांख्यिकीविद् थॉमस रॉबर्ट माल्थस ने **"जनसंख्या के सिद्धांत पर** अपने **एक निबंध"** में प्रस्तावित किया था।
  - यह सिद्धांत **संसाधनों और जनसंख्या विस्तार के बीच परस्पर क्रिया** पर केंद्रित है।
  - **जनसंख्या वृद्धि:** माल्थस ने तर्क दिया कि **जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ती है,** जिसका अर्थ है कि जनसंख्या ज्यामितीय दर (1, 2, 4, 8,16 आदि) से बढ़ती है। जबकि **संसाधनों की उपलब्धता केवल अंकगणितीय रूप** (1, 2, 3, 4, 5 आदि) से बढ़ती है।
    - नतीजतन, जनसंख्या में वृद्धि संसाधनों की क्षमता से अधिक होगी।
  - **संसाधन संबंधी बाधाएँ:** माल्थस ने संसाधनों को लेकर दो प्राथमिक बाधाओं की पहचान की: **निर्वाह (भोजन)** और जनसंख्या का समर्थन करने के लिये पर्यावरण की क्षमता **(सीमित भूमि, जल आदि)।**
    - माल्थस का माननाथा कि जैसे-जैसे **जनसंख्या बढ़ेगी, इन संसाधनों पर अधिक दबाव बढ़ेगा,** जिसके परिणामस्वरूप अकाल, संसाधनों की कमी के चलते अंततः भूख, बीमारी तथा संघर्ष जैसे कारकों एवं "सकारात्मक नियंत्रण" उपायों की वज़ह से जनसंख्या में कमी आएगी।
  - **जनसंख्या वृद्धि को लेकर जाँच:** माल्थस ने जनसंख्या वृद्धि को लेकर जाँच को दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया:
    - **सकारात्मक जाँच:** ये प्राकृतिक कारक हैं जिससे जनसंख्या **में** कमी आती है, जैसे- **अकाल, बीमारी और युद्ध आदि।**
    - **निवारक जाँच:** ये जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने हेतु **व्यक्तियों या समुदायों द्वारा लिये गए सचेत निर्णय हैं** , जैसे- विलंबित विवाह, संयम और जन्म नियंत्रण।
  - हालाँकि **माल्थस अंततः गलत साबित हुआ** क्योंकि कृषि प्रौद्योगिकी में प्रगति ने भारत जैसे देश को शुद्ध खाद्य अधिशेष वाले देश की श्रेणी में ला दिया।
- **जनसांख्यिकीय संक्रमण सिद्धांत:** यह **समय के साथ जनसंख्या परिवर्तन की प्रक्रिया** को रेखांकित करता है क्योंकि **समाज आर्थिक और सामाजिक विकास के विभिन्न चरणों से गुज़रता है।**
- **चरण 1- पूर्व औद्योगिक समाज:**
  - इसकी विशेषता **उच्च जन्म और मृत्यु दर** है, जिसके परिणामस्वरूप **जनसंख्या** का आकार **अपेक्षाकृत स्थिर** रहता है।
  - संयुक्त परिवारों में **जन्म नियंत्रण** और सांस्कृतिक प्राथमिकताओं के **अभाव** के कारण जन्म दर अधिक देखी जाती है।
  - **सीमित चिकित्सीय ज्ञान, पर्याप्त स्वच्छता का अभाव और बीमारी** के **व्यापक** प्रसार के कारण मृत्यु दर भी अधिक होती है।
- **चरण 2- संक्रमणकालीन चरण:**
  - इसकी शुरुआत औद्योगीकरण और स्वास्थ्य देखभाल एवं स्वच्छता में सुधार से होती है।
  - **इस दौरान चिकित्सा**, स्वच्छता और खाद्य उत्पादन में प्रगति के कारण **मृत्यु दर में उल्लेखनीय गिरावट** आई है।
  - **प्रारंभ में जन्म दर उच्च रहती है, जिससे** मृत्यु दर कम होने के कारण **तेज़ी से जनसंख्या वृद्धि** होती है।
  - इस चरण में अक्सर **जनसंख्या विस्फोट** देखा जाता है।
- **चरण 3- औद्योगिक समाज:**
  - शहरीकरण, शिक्षा, आर्थिक परिवर्तन और महिला सशक्तीकरण जैसे विभिन्न कारकों के कारण जन्म दर में गिरावट आनी शुरू हो जाती है।
  - हालाँकि जन्म दर, मृत्यु दर से कुछ अधिक होती है, जिसके परिणामस्वरूप धीमी गति से ही सही, जनसंख्या वृद्धि लगातार जारी रहती है।
- **चरण 4- उत्तर-औद्योगिक समाज:**

- **जन्म दर और मृत्यु दर दोनों कम होती है,** जिसके परिणामस्वरूप जनसंख्या स्थिर या धीरे-धीरे बढ़ती है।
- जन्म दर प्रतिस्थापन स्तर से भी नीचे गिर सकती है, जिससे जनसंख्या की उम्र बढ़ने और जनसांख्यिकीय असंतुलन के संबंध में चिंताएँ उत्पन्न हो सकती हैं।

▪ **चरण 5:**
- कुछ मॉडलों में **पाँचवाँ चरण प्रस्तावित है, जहाँ जन्म दर प्रतिस्थापन स्तर से नीचे गिर जाती है,** जिसके परिणामस्वरूप जनसंख्या में गिरावट आती है **(जैसे- जर्मनी)।**
- यह चरण की विशेषता एक महत्त्वपूर्ण वृद्ध जनसंख्या और संभावित जनसांख्यिकीय चुनौतियाँ हैं।

| Stage | 1 High stationary | 2 Early expanding | 3 Late expanding | 4 Low stationary | 5 ? Declining? |
|---|---|---|---|---|---|




| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| *Examples* | A few remote groups | Egypt, Kenya, India | Brazil | USA, Japan France, UK | Germany |
| *Birth rate* | High | High | Falling | Low | Very low |
| *Death rate* | High | Falls rapidly | Falls more slowly | Low | Low |
| *Natural increase* | Stable or slow increase | Very rapid increase | Increase slows down | Stable or slow increase | Slow decrease |
| *Reasons for changes in birth rate* | Many children needed for farming. Many children die at an early age. Religious/social encouragement. No family planning. | | Improved medical care and diet. Fewer children needed. | Family planning. Good health. Improving status of women. Later marriages. | |
| *Reasons for changes in death rate* | Disease, famine. Poor medical knowledge so many children die. | Improvements in medical care, water supply and sanitation. Fewer children die. | | Good health care. Reliable food supply. | |

//

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**??????????:**

**प्रश्न 1. किसी भी देश के संदर्भ में निम्नलिखित में से किसे उसकी सामाजिक पूंजी का हिस्सा माना जाएगा? (2019)**

(a) जनसंख्या में साक्षरों का अनुपात
(b) इसकी इमारतों, अन्य बुनियादी ढाँचों और मशीनों का स्टॉक
(c) कामकाजी आयु-वर्ग की जनसंख्या का आकार
(d) समाज में आपसी विश्वास और सद्भाव का स्तर

**उत्तर: (d)**

---

**प्रश्न. 2 भारत को "जनसांख्यिकीय लाभांश" वाला देश माना जाता है। यह किस कारण है? (2011)**

(a) 15 वर्ष से कम आयु वर्ग में इसकी उच्च जनसंख्या
(b) 15-64 वर्ष के आयु वर्ग में इसकी उच्च जनसंख्या
(c) 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में इसकी उच्च जनसंख्या
(d) इसकी उच्च कुल जनसंख्या

**उत्तर: (b)**

---

## ?????:

**प्रश्न 1. जनसंख्या शिक्षा के प्रमुख उद्देश्यों की विवेचना कीजिये तथा भारत में उन्हें प्राप्त करने के उपायों का विस्तार से उल्लेख कीजिये। (2021)**

**प्रश्न 2. "महिलाओं को सशक्त बनाना जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने की कुंजी है।" चर्चा कीजिये। (2019)**

**प्रश्न 3. समालोचनात्मक परीक्षण कीजिये कि क्या बढ़ती जनसंख्या गरीबी का कारण है या गरीबी भारत में जनसंख्या वृद्धि का मुख्य कारण है। (2015)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-eac-report-on-share-of-religious-minorities